दिन— शनिवार दिनांक— 24 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने आरोप पत्र दायर किया। संजीव मुखिया गिरोह ने ही किया था प्रश्न पत्र लीक।

02. बिहार के पुलिसकर्मियों की दुर्घटना में मौत होने पर उनके परिजनों को दो करोड़ तीस लाख रूपये का मुआवजा मिलेगा। सामान्य मृत्यु पर बीस लाख रूपये की मिलेगी सहायता।

03. राज्य में गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, घाघरा, बागमती और कोसी नदी कई स्थानों पर खतरे के निशान के पार। भागलपुर में एक बार फिर बाढ़ के हालात।

04. और, शिक्षा विभाग ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए नाव की व्यवस्था करने के निर्देश जारी किये।

---

सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने पटना स्थित व्यवहार न्यायालय में आरोप पत्र दायर किया है। आरोप पत्र में कहा गया है कि संजीव मुखिया गिरोह के सदस्यों ने चार दिन पहले ही लॉजिस्टिक कम्पनी के कर्मियों को पैसों का प्रलोभन देकर प्रश्न पत्र हासिल कर लिया था। इसके बाद प्रश्न पत्र हल करवाकर उम्मीदवारों को उत्तर कुंजी उपलब्ध करायी गयी थी। ये उत्तर कुंजी परीक्षा के दिन विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हो गयी थी। गौरतलब है कि केन्द्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती द्वारा पिछले वर्ष एक अक्टूबर को आयोजित परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हो गया था, जिसके बाद परीक्षा रद्द कर दी गयी थी। इस मामले में जांच एजेंसी ने सोलह लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

बिहार के पुलिसकर्मियों की दुर्घटना में मौत होने पर उनके परिजनों को दो करोड़ तीस लाख रूपये का मुआवजा मिलेगा। बिहार पुलिस मुख्यालय और बैंक ऑफ बड़ौदा के बीच कल पटना में पुलिसकर्मियों को बीमा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। समझौते के तहत दिव्यांगता के अलावा अन्य मामलों में भी मुआवजे की राशि तय की गयी है। स्थायी रूप से पूर्ण दिव्यांगता पर डेढ़ करोड़ रूपये मुआवजे का प्रावधान किया गया है। पुलिस कर्मियों की सामान्य मृत्यु होने या आत्महत्या की स्थिति में बीस लाख रूपये की सहायता मिलेगी। वहीं, सेवानिवृति कर्मियों को पचहत्तर लाख रूपये का बीमा कवर उपलब्ध होगा।

---

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने तथा फसल उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री चौहान ने पटना में किसान संवाद के दौरान किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों से संबंधित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सभी संकल्प पूरे किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड से सस्ते ऋण उपलब्ध कराए जा रहे हैं और न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित किया गया है।

---बाईट---

खेती में आय दुगनी करने का अभियान प्रधानमंत्री जी का संकल्प है और सब पहली चीज है उत्पादन बढाना। पर एकड़ या पर हेक्टर या पर बीघा उत्पादन कैसे बढाए, और उत्पादन बढाने के लिए सबसे जरूरी चीज है अच्छे बीज। मक्के के खेत में क्रांति हो रही है। उत्पादन बहुत अच्छा है लेकिन और सम्भावनाएं है हमारी हर फसल के बीच चाहे वह फल हो, सब्जी हो, अनाज हो, दलहन हो, तिलहन हो बीच चाहिए पहले, बीच मूल है।

वहीं, पटना में एक अन्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्री चौहान ने कहा कि बिहार में गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तेरह लाख आवास का निर्माण किया जायेगा।

---

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लिए नौ हजार दो सौ सैंतालीस लाभुकों का चयन किया गया है। पटना में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा और पिछड़ा तथा अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरी सहनी की मौजूदगी में कंप्यूटर रैंडमाइजेशन पद्धति से चयन प्रक्रिया पूरी की गई। चयनित लाभुकों की सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

---

अनुसूचित जाति की वर्तमान स्थिति और धर्मांतरण कर अन्य धर्मों में शामिल हुए जातियों के संबंध में 'न्यायमूर्ति बालाकृष्णन जांच आयोग' ने कल पटना में जन–सुनवाई की। जन–सुनवाई के दौरान आयोग ने तीन सौ दस व्यक्तियों और संगठनों के प्रतिनिधियों के सुझावों को सुना। लोगों ने आयोग को विभिन्न धर्मों में शामिल अलग–अलग जातियों को होने वाली सामाजिक और आर्थिक परेशानियों की जानकारी देने के साथ ही कई सुझाव भी दिये।

---

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने नीट–पीजी दो हजार चौबीस का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा में पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल की आशना को अड़तालीसवां स्थान प्राप्त हुआ है। राज्य के कई अन्य छात्र भी टॉपर की सूची में शामिल हैं।

---

राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के दो हजार छह सौ अड़तीस करोड़ का उपयोगिता प्रमाणपत्र लंबित है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी विश्वविद्यालयों को जल्द–से–जल्द बकाया उपयोगिता प्रमाणपत्र भेजने का निर्देश दिया है। इसमें सबसे अधिक पांच सौ पांच करोड़ रूपये का उपयोगिता प्रमाणपत्र ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा का लम्बित है।

---

जदयू देशभर में संगठन को मजबूत करेगा। इसे लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पार्टी पदाधिकारियों और मंत्रियों को विभिन्न राज्यों का प्रभारी नियुक्त किया है। इनमें पांच पदाधिकारियों को एक से अधिक राज्यों की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। मंत्री अशोक चौधरी को झारखंड, श्रवण कुमार को उत्तर प्रदेश और विधान पार्षद भगवान सिंह कुशवाहा को दिल्ली का प्रभारी नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय महासचिव आफाक अहमद खान और सचिव मोहम्मद निसार को राज्यों के अलावा मुख्यालय की भी जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पच्चीस अगस्त को रांची में होगी। बैठक में झारखंड, हरियाणा, जम्मू कश्मीर और बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर मुख्य रूप से चर्चा होगी। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने यह जानकारी दी।

---

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा, सेक्यूलर दिसंबर महीने तक बिहार में दस लाख नये सदस्य बनाएगा। इकतीस अगस्त को पार्टी के संरक्षक सह केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी सदस्यता अभियान की शुरुआत करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार ने यह जानकारी दी।

---

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से विभिन्न स्थानों पर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण और गोपालगंज जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश की सम्भावना जतायी है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

---

राज्य से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी पटना के गांधी घाट में खतरे के निशान से पचास सेंटीमीटर और हाथीदह में उनचास सेंटीमीटर ऊपर बनी हुयी है। नदी का जलस्तर भागलपुर के कहलगांव में लाल निशान से अड़सठ सेंटमीटर ऊपर है। घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली में लाल निशान के आस–पास बना हुआ है। इधर, गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरियाघाट में खतरे के निशान से चौंसठ सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया। फिलहाल नदी का जलस्तर स्थिर बना हुआ है। बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से सतहत्तर सेंटीमीटर ऊपर बनी हुई है। वहीं, बागमती नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में लाल निशान से एक सौ अठारह सेंटीमीटर ऊपर है। वहीं, सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर में नदी का जलस्तर खतरे के निशान से बाईस सेंटीमीटर ऊपर बना हुआ है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से एक सौ नौ सेंटीमीटर और कटिहार के कुर्सेला में उनासी सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया।

---

इधर, भागलपुर में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से सुल्तानगंज से कहलगांव तक बाढ़ का पानी एक बार फिर फैलने लगा है। वहीं, सबौर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग अस्सी पर भी बाढ़ का पानी चढ़ गया है। इधर, बांका में ओढ़नी नदी पर बना डायर्वजन ध्वस्त होने से राज्य उच्च पथ संख्या पच्चीस पर आवागमन बाधित हो गया है। दूसरी तरफ, नवादा जिले की गोविंदपुर पहाड़ियों पर स्थित ककोलत जलप्रपात में एक बार फिर बाढ़ आ गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि जलप्रपात में अड़तालीस घंटों के दौरान दूसरी बार बाढ़ आई है। वहीं, बीते तीन महीने में ककोलत जलप्रपात में सात बार बाढ़ आ चुकी है। जिला प्रशासन ने यहां सैलानियों के प्रवेश पर रोक लगा दी है।

---

शिक्षा विभाग ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विद्यालय आने–जाने वाले शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए नाव की व्यवस्था करने का सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देश दिया है। शिक्षा विभाग के सचिव बैद्यनाथ यादव ने इस संबंध में सभी जिला पदाधिकारियों को आदेश निर्गत किया है। आदेश में कहा गया है कि विद्यालय संचालन अवधि को देखते हुये नाव परिचालन की समय तालिका तय की जाए। साथ ही नाव पर लाईफ जैकेट जैसे जीवन रक्षक उपकरण भी उपलब्ध हों। गौरतलब है कि कल पटना

के दानापुर स्थित नासरीगंज घाट पर नाव पर चढ़ने के दौरान गंगा नदी में डूबने से एक शिक्षक की मौत हो गयी थी। इस घटना के बाद शिक्षा विभाग ने यह आदेश दिया है।

---

पटना जिले के बिहटा ईएसआईसी अस्पताल में डॉक्टरों की हड़ताल से कई दिन से ओपीडी सेवा ठप है। इसके चलते कल मरीजों और परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया।

---

नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के काको बीघा गांव में डायरिया से तीन बच्चों की मौत हो गयी। मरने वालों में दो सगी बहनें हैं। वहीं, जिले के नूरसराय और हरनौत प्रखंड में दर्जनों लोग डायरिया से प्रभावित हैं। मेडिकल टीम गांव में कैम्प लगाकर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है।

---

वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र के मंझौली गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में दो युवकों की मौत हो गयी। पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय ने बताया कि पार्टी के दौरान खाने–पीने की सामग्री में जहरीला पदार्थ मिलाने से मौत की आशंका है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है।

---

गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र अन्तर्गत बलथरी चेक पोस्ट के पास से पुलिस ने एक कार से सत्ताईस लाख रूपये मूल्य की चांदी के साथ तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

---

गोपालगंज जिले के मांझागढ़ थाना क्षेत्र से पिछले दिनों लापता हुई पांच बच्चियों को एसआईटी ने पटना जंक्शन से बरामद कर लिया है। मौके से एक महिला की गिरफ्तारी हुई है।

---

वाल्मीकिनगर टाईगर रिजर्व के मंगूराहा वन क्षेत्र में दो बाघों के बीच हुई भिड़ंत में एक बाघ की मौत हो गयी। वीटीआर के निदेशक नेशामणी ने बताया कि झड़प में घायल हुये दूसरे बाघ की खोज की जा रही है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यूक्रेन दौरे की खबर को सुर्खी बनाया है। अखबार श्री मोदी के बयान के हवाले से लिखता है– युद्ध के अंत के लिए यूक्रेन रूस जल्द वार्ता करे।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– बिहार के पांच जिलों से तीन सौ पचास किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से गुजरेगी बुलेट ट्रेन। जमीन अधिग्रहण का काम शुरू, फुलवारीशरीफ में होगा स्टेशन।

प्रभात खबर लिखता है– राज्य में बन रही दुनिया की अनोखी खेल अकादमी का उनतीस अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हो सकता है उद्घाटन।

दैनिक जागरण ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को तरजीह देते हुये लिखा है– एससी–एसटी एक्ट तभी, जब अपमान की मंशा हो।

राष्ट्रीय सहारा की प्रमुख खबर है– अनिल अम्बानी पर शेयर मार्केट में पांच साल के लिए लगा बैन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने आरोप पत्र दायर किया। संजीव मुखिया गिरोह ने ही किया था प्रश्न पत्र लीक।

02. बिहार के पुलिसकर्मियों की दुर्घटना में मौत होने पर उनके परिजनों को दो करोड़ तीस लाख रूपये का मुआवजा मिलेगा। सामान्य मृत्यु पर बीस लाख रूपये की मिलेगी सहायता।

03. राज्य में गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, घाघरा, बागमती और कोसी नदी कई स्थानों पर खतरे के निशान के पार। भागलपुर में एक बार फिर बाढ़ के हालात।

04. और, शिक्षा विभाग ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए नाव की व्यवस्था करने के निर्देश जारी किये।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।